पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री से कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमण्डल ने शिष्टाचार भेंट की

**प्रतिनिधिमण्डल ने उ0प्र0 में एम0एस0एम0ई0, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा व्यक्त की, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया**

**मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल से प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलॉजी व टूरिज्म की दिशा में नए प्रयास बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया**

**भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, यह दुनिया की सबसे तेज गति से उभरने वाली अर्थव्यवस्था भी : मुख्यमंत्री**

**यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 में 40 लाख करोड़ रु0 के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, इनमें से 15 लाख करोड़ रु0 के निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी**

**05 लाख करोड़ रु0 के निवेश प्रस्ताव ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार**

**कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्य उ0प्र0 में निवेश और तकनीक के साथ एफ0डी0आई0 लाने तथा पर्यटन को विकसित करने में बड़ी भूमिका निभा सकते**

**गत वर्षों में उ0प्र0 में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया गया, यहां की कनेक्टिविटी काफी बेहतर हुई**

**मुख्यमंत्री ने लखनऊ में बनने जा रही ए0आई0 सिटी की सम्भावनाओं से उद्यमियों को अवगत कराया**

**कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष व चेयरमैन बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया**

**एम0एस0एम0ई0, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स की टीम उ0प्र0 में कार्य करेगी : संस्थापक अध्यक्ष, कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स**

**उ0प्र0 में 50 बेड का हॉस्पिटल व सीनियर सिटिजन होम्स की स्थापना की जाएगी**

**लखनऊ : 04 जनवरी, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आज उनके सरकारी आवास पर कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमण्डल ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमण्डल के सभी सदस्यों का स्वागत किया। कैनेडियन हिन्दू

चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष श्री नरेश कुमार चावड़ा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमण्डल ने उत्तर प्रदेश में एम0एस0एम0ई0, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा व्यक्त की, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री जी ने सभी सदस्यों को अयोध्या में श्रीरामलला, काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम तथा प्रयागराज भ्रमण के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमण्डल से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलॉजी व टूरिज्म की दिशा में नए प्रयास बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि 8–9 वर्ष पहले त्योहारों पर बाजार चीन के उत्पादों से भरे रहते थे। हमने वर्ष 2018 में प्रदेश के परम्परागत उद्यमों को 'एक जनपद–एक उत्पाद' योजना के माध्यम से आगे बढ़ाया। इन उत्पादों को डिजाइन, तकनीक व प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया। इन उत्पादों की ब्राण्डिंग की गई है। आज प्रदेश के बाजार से चीन के उत्पाद गायब हो गए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में होने वाले यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो में ओ0डी0ओ0पी0 के उत्पादों को शोकेस का अवसर भी देती है। अब इन उत्पादों को बड़े मंचों पर उपहार स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। सरकार प्रदेश की सभी 96 लाख एम0एस0एम0ई0 इकाइयों को सपोर्ट कर रही है और इन्हें सामाजिक सुरक्षा की गारण्टी दे रही है। इनके माध्यम से ढाई करोड़ परिवारों की आजीविका जुड़ी है।

मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमण्डल को अवगत कराया कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, यह दुनिया की सबसे तेज गति से उभरने वाली अर्थव्यवस्था भी है। उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में देश के शीर्ष तीन राज्यों में है। यहां देश की सबसे अधिक आबादी निवास करती है। उत्तर प्रदेश में विगत साढ़े आठ वर्षों से किसी प्रकार की अराजकता नहीं है। यहां सुदृढ़ कानून–व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमण्डल को उत्तर प्रदेश की नई गति से परिचित कराते हुए कहा कि यह सम्भावनाओं का प्रदेश है। यहां सुरक्षा, सुव्यवस्था व निवेश की बेहतर स्थिति है। यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी है। 05 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव फिर से ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं। कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्य उत्तर प्रदेश में निवेश और तकनीक के साथ एफ0डी0आई0 लाने में मदद कर सकते हैं। एफ0डी0आई0 व फॉर्च्यून–500 कम्पनियों के लिए उत्तर प्रदेश में अलग से पॉलिसी बनाई गई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की विरासत से जुड़े स्थलों का प्रतिनिधित्व भी करता है। दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ पिछले वर्ष प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में सम्पन्न हुआ। इसमें 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महात्मा बुद्ध व जैन तीर्थंकर परम्परा से जुड़े सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल उत्तर प्रदेश में हैं। इसके दृष्टिगत यहां पर्यटन को विकसित करने में कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्य बड़ी भूमिका निभा सकते हैं और लोगों को इन स्थलों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। उन्हें यह भी बता सकते हैं कि सुविधा की दृष्टि से कब–कब इन स्थलों पर जाना चाहिए। प्रदेश के सभी तीर्थस्थलों तक पहुंचने के लिए एयर तथा रोड कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गत वर्षों में उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया गया है। यहां की कनेक्टिविटी काफी बेहतर हुई है। देश के एक्सप्रेस–वे का 55 प्रतिशत नेटवर्क उत्तर प्रदेश में है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे भी यहां है। प्रदेश में सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो रेल का संचालन, रैपिड रेल व पहला वॉटर–वे भी संचालित हो रहा है। जेवर में एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का शुभारम्भ शीघ्र ही होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सम्भावनाओं का प्रदेश है। नोएडा में फिल्म सिटी व अपैरल पार्क तथा लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश डेटा सेण्टर

का नया केन्द्र बन रहा है। प्रदेश में 04 डेटा सेण्टर संचालित हैं तथा 06 नए डेटा सेण्टर संचालित होने जा रहे हैं। उन्होंने लखनऊ में बनने जा रही ए0आई0 सिटी का उल्लेख कर उद्यमियों को यहां की सम्भावनाओं से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमण्डल को उत्तर प्रदेश में पर्याप्त जल संसाधन व इसकी उर्वरा भूमि से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा उत्पादित खाद्यान्नों के एक्सपोर्ट के लिए कनाडा व अन्य देशों में हम योगदान दे सकते हैं।

कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष व चेयरमैन बोर्ड ऑफ ट्रस्टी श्री नरेश कुमार चावड़ा ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कनाडा में प्रत्येक वर्ष 'इन्वेस्ट इण्डिया–इन्वेस्ट कनाडा' का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 2026 में यह आयोजन तीन बार किया जाएगा। इसमें से दो आयोजन उत्तर प्रदेश पर केन्द्रित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि एम0एस0एम0ई0, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में उनकी टीम उत्तर प्रदेश में कार्य करेगी। जुलाई–अगस्त व दिसम्बर–जनवरी माह में प्रवासी भारतीयों के कनाडा में जन्में बच्चों को उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराएंगे। साथ ही, उत्तर प्रदेश में 50 बेड का हॉस्पिटल व सीनियर सिटिजन होम्स की स्थापना भी करेंगे।

\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Meets Canadian Hindu Chambers of Commerce Delegation-04 January, 2026***